# चाचाजी हमारे - 1

*हमारे यहां के अखबार में यह खबर छपी है -* 

**सिलवाड़ी, १७ दिसंबर**

खबर मिली है कि आज सुबह चाचाजी नाम से जाने वाले एक व्यक्ति अपने घर की छत से गिर पड़े और उनका पैर टूट गया। जब यह घटना घटी तब चाचाजी अपने घर की छत से छलांग लगा रहे थे। ऐसा माना जाता है कि यह व्यक्ति काफी समय से ऊंचाई से कूदने की सोच रहे थे।

कहा जाता है कि वे रोज़ नदी नहाने जाया करते थे, वहां वे दूब भी खाते थे। वहां से आने के बाद वे अपने घर की छत से कूदने की योजना बनाया करते थे। उन्होंने पैराशूट लेकर कूदने वालों के कई चित्र देखे थे। इन्हें देख कर ही चाचाजी ने कूदने की सोची थी।


आखिर उनकी योजना बन ही गई। योजना यह थी कि जमीन पर छह गद्दे एक के ऊपर एक बिछाए जाएं। दोनों हाथों में खुले छाते लेकर छत से कूदा जाए। आज उन्होंने अपनी यह योजना आजमाई। और इसी से यह दुर्घटना घटी।

चाचाजी गद्दों पर गिरने की बजाय गेंदों की क्यारी में जा गिरे। दुर्घटना को देखने वालों के अनुसार चाचाजी का पैर टूटने के अलावा उनके सिर पर भी चोट आई है। डॉक्टरों का कहना है कि चाचाजी अब तीन-चार महीनों तक चल फिर नहीं पाएंगे। फिलहाल वे अपना और दूसरों का दिल बहलाने के लिए गाना गाने का प्रयोग कर रहे हैं। आगे खबर है कि उनके गाने से आसपास के घरों की खिड़कियों के कांच टूट गए हैं।

नदी पहुंच कर चाचाजी
रोज़ चबाते दूब
कभी तैरते हाथ फैलाकर
कभी वो जाते डूब

जब आते थे घर पर वो
खोला करते छाते
छह गद्दों का छत के नीचे
ढेर बड़ा बिछाते।

छत पर चढ़ कर चाचा जी
कूदा करते खूब
फिर लंगड़ा कर चाचा जी
गाया करते खूब।



1. अखबार में छपी खबर कब और कहां की है? ------------------------

2. यह खबर किस घटना के बारे में है? ------------------------

3. चाचाजी की योजना क्या थी? ------------------------

------------------------------------------------

------------------------------------------------

4. चाचाजी का पैर क्यों टूट गया? ------------------------

------------------------------------------------

5. चाचाजी ने इतने सारे गद्दे क्यों जमाए थे? ------------------------

------------------------------------------------

6. आजकल चाचाजी क्या कर रहे हैं? ------------------------

7. गेंदों की क्यारी का क्या हुआ होगा? चित्र बनाओ।

8. अखबार की इस रपट में तुम्हें कौन-कौन से शब्द मुश्किल लगे। मुश्किल शब्दों पर गोला लगाओ। गुरू जी से इनका अर्थ पूछकर इनसे दो-दो नए वाक्य कापी में बनाओ।

9. क्या तुम भी आसपास की घटनाओं की खबर लिख सकते हो? साथियों के साथ एक अखबार निकालो। सब मिलकर अलग-अलग कागज़ पर अपनी खबर लिखो और उन्हें दीवार पर टांगो। इससे पहले वाली चाचाजी की कहानी की भी अखबारी रपट बनाओ।

10. इस रिपोर्ट के लिए एक शीर्षक चुनो-

चाचाजी की कूद, चाचाजी के बनाए पैराशूट, चाचाजी की टांग, तैराक चाचाजी।

11. चाचाजी की योजना में क्या-क्या गलतियां थीं? छाते को इस तरह से उपयोग करना क्यों संभव नहीं?

------------------------------------------------

------------------------------------------------

# इसमें क्या शक है?



पक्षी पालने वाले एक बहेलिए को तोते का एक बहुत ही सुंदर बच्चा मिला। सब लोग अपने तोते को राम राम बोलना सिखाते हैं। बहेलिए ने भी बहुत कोशिश की। लेकिन यह तोता बहुत दिनों तक कुछ भी बोलना न सीख पाया। फिर अचानक वह एक बात बोलना सीख गया। जब भी उस तोते से कोई बात करता तो तोता कहता - इसमें क्या शक है?


बहेलिया अपने तोते को लेकर राजा के पास गया। बोला - महाराज, यह तोता अनोखा है। बिल्कुल आदमी की तरह बात करता है।

राजा ने तोते से पूछा - क्या तुम सचमुच आदमी की तरह बात करते हो?

तोता बोला - इसमें क्या शक है?

राजा खुश हो गया। बहेलिए को खूब सारे पैसे देकर राजा ने तोता खरीद लिया।

बाद में राजा ने देखा कि तोता तो हर बात के जवाब में यही कहता है- इसमें क्या शक है।



राजा को बहुत गुस्सा आया। वह तोते से बोला - तुम क्या बस यही एक बात बोलना जानते हो- इसमें क्या शक है? इसमें क्या शक है?

तोता बोला - इसमें क्या शक है?
राजा खीझकर बोला- अरे मैं क्या बेवकूफ हूं जो इतने सारे पैसे देकर तुझे खरीदा?
तोता बोला - इसमें क्या शक है?



तोते को क्या बोलना सिखाया गया था?

राजा ने बाद में तोते का क्या किया होगा?

राजा ने बाद में बहेलिए को क्या कहा होगा?

**इस कहानी को आगे बढ़ाओ -**

एक बहेलिया था। उसे तोते का एक बच्चा मिला। बहेलिए ने उस तोते को "और नहीं तो क्या?" कहना सिखाया। यदि कोई कुछ कहता तो तोता जवाब देता, "और नहीं तो क्या?"
बहेलिया उसे राजा के पास ले गया। . . . . . . . .

- वाक्य निकालो

नीचे के पैराग्राफ में एक ऐसा वाक्य घुस गया है जो बाकी वाक्यों से मेल नहीं खाता। उसे ढूंढकर अलग करो और बाकी पैराग्राफ को पट्टी पर लिखो।

*आम तौर पर तोते बोल नहीं सकते। जो भी लाईन उन्हें सिखा दी जाए वे उसे बार–बार दोहराते हैं। बछड़े खूब रंभाते हैं। उनसे कुछ भी कहो, पर तोते जवाब में अपनी वही लाईन फिर से कहते हैं।*

तुमने आस–पास तोता देखा हो या पाला हो तो बताओ
तोते के बारे में तुम और क्या–क्या जानते हो? तोते क्या–
क्या बोलते हैं? आपस में चर्चा करके कॉपी में लिखो।

**तोते का चित्र बनाकर उसमें रंग भरो।**

इस कहानी में चार अक्षर वाले पाँच–छह शब्द हैं, जैसे– सचमुच और बहेलिया। सभी चार अक्षर वाले शब्द कॉपी में लिखो और उनका अर्थ ढूंढकर उनके सामने लिखो।
तुम्हें ये कहानी कैसी लगी? फिर यह भी पता करो कि तुम्हारी कक्षा में सबको कहानी कैसी लगी। अच्छी लगी तो क्यों? अच्छी नहीं लगी तो क्यों ?

# खरहा



वन में एक घनी झुरमुट थी जिसके अन्दर जाकर
खरहा एक रहा करता था सबकी आँख बचाकर।
फुदक–फुदक चिनगियाँ घास की चुन–चुनकर खाता था
देख दूर से लोगों को झुरमुट में छिप जाता था।
एक रोज आया उस वन में कुत्ता एक शिकारी
लगा छानने सूँघ–सूँघकर वन की झाड़ी–झाड़ी।
आखिर वह झुरमुट भी आई जो खरहा का घर थी
मगर खैर उस बेचारे की लम्बी अभी उमर थी।
कुत्ते की जो लगी साँस खरहा सोते से जागा।
देख पीठ पर खड़ा काल को जान बचाकर भागा।

–रामधारी सिंह दिनकर

♣ कविता में कही कहानी तो तुम समझ ही गए होगे। उस कहानी को यहाँ अपने शब्दों में लिखो।
------------------------------------------------------------
------------------------------------------------------------
------------------------------------------------------------

♣ कविता के लेखक कौन हैं?------------------------------------

♣ कविता में इन शब्दों के लिए किन शब्दों या वाक्य का इस्तेमाल किया है:–

खरगोश -------- झाड़ी --------- जंगल --------- मौत --------

कूदकर -------- जीवन/आयु ------ छिपकर -------- --------

दिन -------- अंत में --------- छोटी घास -------- --------

♣ खरगोश के खाने के बारे में कविता में कौनसी लाइन में लिखा है।
------------------------------------------------------------

किस लाइन से पता चलता है कि खरहा अपने घर में सो रहा था।
------------------------------------------------------------

किस लाइन से पता चलता है कि कुत्ता जंगल में क्या कर रहा था।
------------------------------------------------------------

खरगोश डरपोक था या शर्मीला था यह किस लाइन से पता चलता है।
------------------------------------------------------------

## श्रुतलेख

गुरूजी से कहो कि वह यह पैराग्राफ को पढ़ते जाएँ और तुम अपनी कॉपी में लिखते जाओ।

एक दिन एक चूहा बाजार गया। बाजार में उसने एक दुकान देखी। दुकान पर कई रंग–बिरंगी टोपियॉ सजी हुई रखीं थीं। चूहे ने दुकानदार से एक टोपी मॉंगी। दुकानदार ने कहा एक टोपी का मूल्य पॉंच रूपये है। पैसे दो और टोपी लो । चूहे ने टोपी नहीं ली और वह आगे चल दिया।

1. शिक्षक सम्पूर्ण अंश को पुनः पढ़ें। छात्र अपनी भूल सुधारें।
2. शिक्षक पैराग्राफ को ब्लैक बोर्ड पर लिख दें और बच्चे अपना लिखे हुए पैराग्राफ में गल्तियाँ ढूँढकर गोला बनायें

## श्रुतलेख

मैंने अपने बगीचे में एक खरगोश देखा। कुछ दिन बाद उसके दो बच्चे हो गए। एक काला और एक सफेद था। सफेद खरगोश बहुत सुंदर था। एक दिन मेरी सहेली बॉल से खेल रही थी तो खरगोश को बॉल लग गई। मुझे बहुत गुस्सा आया। मैं सफेद खरगोश को अपने घर ले आई उसको दवा लगा दी। थोड़ी देर बाद वो दौड़ने लगा तो मैं उसको फिर बगीचे में छोड़ आई। अब वो अक्सर हमारे घर आता है।

प्रश्नों के उत्तर लिखो।

1. बगीचे में क्या था ?
2. खरगोश का रंग कैसा था ?
3. लड़की को गुस्सा क्यों आ गया?
4. खरगोश को बाल लगने पर क्या किया ?
5. बगीचे में कितने खरगोश थे ?

# आदमी और कुत्ता

एक बार एक कुत्ते ने एक वनवासी फकीर को काट लिया। रात भर उसको पीड़ा के मारे नींद न आई। वह कराहता रहा। छोटी लड़की से अपने पिता का दर्द न देखा गया। उसे कुत्ते पर बहुत गुस्सा आया। उसने अपने बाप से कहा–"आखिर आप तो आदमी हैं और वह कुत्ता। ताकत में आदमी बहुत बड़ा है। आपने उस कुत्ते को पीटा क्यों नहीं? एक बार उसे मजा तो चखा देते।"

फकीर दर्द से छटपटा रहा था। भोली– भाली लड़की की बात सुनकर उसे हँसी आ गई। वह बोला "प्यारी बिटिया, गुस्सा तो मुझे बहुत ज़्यादा आया था पर मैं उसे पी गया। यह ठीक है कि दुष्टों को मजा चखाना बहुत जरूरी है पर आदमी से कुत्ता नहीं बना जा सकता।"

यह कहकर बाप चुप हो गया। और लड़की सोच में पड़ गई।

*अभ्यास–*

1. फकीर को कुत्ते नें क्यों काटा होगा?

---------------------------------------------------

2. फकीर ने कुत्ते को क्यों नहीं मारा? ---------------------------

---------------------------------------------------

3. क्या तुम फकीर की बात से सहमत हो? क्यों? ---------------------

---------------------------------------------------

4. लड़की ने पिता से क्या करने को कहा था? -------------------

---------------------------------------------------

5. नीचे लिखे वाक्यों में एक दूसरे के विपरीत अर्थ वाले शब्द आए हैं। ऐसे शब्दों को चुनो और विपरीत अर्थ वाले शब्द लिखो। एक उदाहरण दिया गया है।

एक बूढ़ा आदमी था। वह बहुत धनी था। उसका एक जवान लड़का था। बूढ़ा जितना मेहनती था, लड़का उतना ही आलसी। सुबह देर से उठता और शाम को जल्दी से जल्दी खाना खाकर सो जाता। बूढ़ा अब कमज़ोर होने लगा था, तो उससे बहुत काम भी नहीं बनता था। लड़का हट्टा–कट्टा था पर काम वो करता नहीं था। खर्चे तो दोनों के थे पर आमदनी कुछ नहीं। होना क्या था, कुछ समय बाद दोनों गरीबी में रहने लगे।

जैसे– बूढ़ा – जवान ---------- ----------

---------- ---------- ----------


नीचे लिखे वाक्यों को सही करके लिखो।

1. पेड़ कह रही थी ________________

2. मुझे बड़ा खुशी हुआ। ________________

6. गोले के मध्य का अक्षर पढ़कर, किनारे में दिये हुए शब्द से जोड़ो। जो नया शब्द बने उसे पढ़ो, लिखो इन शब्दों के मतलब लिखकर उनसे वाक्य बनाओ।

उदाहरण– प्रचार




ाक्य बनाओ

अ जोड़कर नये शब्द बनाओ। मतलब लिखो।

जैसे कारण – अकारण

काल,

नाम,

ज्ञान,

चल,

सफल